






राजधानी में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को छोला विश्रामघाट स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से सवारी निकाली गई जिसने पुराने शहर का भ्रमण किया। वहीं पिपलेश्वर महादेव मंदिर से बड़वाले महादेव मंदिर तक कावड़ यात्रा निकाली गई। शीतलदास की बगिया स्थित महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही।

# सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी आस्था

- सुबह से जलाभिषेक और रुद्राभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लगी कतारें
- हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे शिव मंदिर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** श्रावण मास के प्रथम सोमवार पर राजधानी के शिवालयों में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त भगवान शिव का जल, दूध, दही और बेलपत्र से अभिषेक कर सुख-समृद्धि तथा मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठे। प्राचीन श्री बड़वाले महादेव मंदिर में सुबह पांच बजे से बाबा बटेश्वर का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक जारी रहा। मंदिर समिति के अनुसार शाम को बाबा का विशेष श्रृंगार तथा रात्रि साढ़े आठ बजे महाआरती होगी। मां वैष्णो धाम आदर्श नवदुर्गा मंदिर एवं बाबा खाटू श्याम मंदिर परिसर में भी भगवान पशुपतिनाथ का विशेष रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर प्रबंधन के अनुसार यहां पिछले 12 वर्षों से प्रतिदिन रुद्राभिषेक की परंपरा निभाई जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

# ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन के लिए सजी राजधानी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः**, राजधानी में पांच अगस्त से शुरू होने वाले चार दिवसीय ब्रिक्स सांस्कृतिक सम्मेलन-2026 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आठ अगस्त तक चलने वाले इस सम्मेलन में अनेक देशों के संस्कृति मंत्री और प्रतिनिधि शामिल होंगे। उनके स्वागत के लिए शहर के प्रमुख मार्गों और स्थलों का व्यापक सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। वीआईपी मार्ग, भोज सेतु, विमानतल मार्ग, गांधी नगर, पॉलिटेक्निक चौराहा और पंडित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार तक रंगरोगन, चित्रांकन और सजावट का कार्य तेज गति से चल रहा है। भोज सेतु के दोनों ओर प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को दर्शाने वाले चित्र बनाए जा रहे हैं। सम्मेलन का आयोजन 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना पर आधारित है। इसमें ब्राजील, इथियोपिया, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण अफ्रीका, क्यूबा, थाईलैंड और बेलारूस के संस्कृति मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और प्रतिनिधिमंडल भाग लेंगे। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि सांस्कृतिक सहयोग, विरासत संरक्षण और पारस्परिक आदान-प्रदान जैसे विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। आयोजन को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात और अतिथि सत्कार की सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। राजधानी को अंतरराष्ट्रीय आयोजन के अनुरूप आकर्षक स्वरूप देने के लिए प्रमुख स्थलों पर विशेष सजावट की जा रही है।

# नौ अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा



मुख्यमंत्री ने विभागीय समीक्षा में तिरंगा यात्रा, खेल परिसरों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पर बनाई रणनीति

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नौ अगस्त को अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर भोपाल में युवाओं और नागरिकों की भागीदारी से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देशभक्ति की भावना को मजबूत करने और स्वतंत्रता के मूल्यों के प्रति जनजागरण का माध्यम बनेगी।

सोमवार को राज्य शूटिंग अकादमी में खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के पोषण, प्रशिक्षण और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, पुरस्कार तथा शासकीय सेवा में नियुक्ति की व्यवस्था शीघ्र तय की जाए। साथ ही मल्लखंभ और जिम्नास्टिक अकादमी जल्द शुरू करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी सांदीपनि विद्यालयों में उपलब्ध भूमि पर खेल परिसर विकसित करने की संभावनाओं पर कार्य किया जाए। खेल विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, जनजातीय कार्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा युवा आयोग मिलकर इस दिशा में समन्वित प्रयास करें। उन्होंने खेल सुविधाओं के विस्तार के लिए केंद्रीय खेल मंत्रालय से निरंतर समन्वय कर अधिक से अधिक केंद्रीय अनुदान प्राप्त करने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने खेल अधोसंरचना के विकास, रखरखाव और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभागीय व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलों के खेल प्रदर्शन का विश्लेषण कर स्थानीय आवश्यकता के अनुसार खेल सुविधाएं विकसित करने तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन योग्य खेल परिसरों की पहचान करने को कहा। बैठक में खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 17 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

मध्यप्रदेश में नौ से 17 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा' अभियान व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने सभी संभागायुक्तों और कलेक्टरों को अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। अभियान के दौरान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशभक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव भी अभियान से जोड़ा गया है। शासकीय कार्यक्रमों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक सभाओं में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' का गायन किया जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में तिरंगा प्रदर्शनी, रंगोली, प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, तिरंगा यात्रा, साइकिल और मोटरसाइकिल रैलियां, नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला तथा सैनिकों और पुलिसकर्मियों के लिए पत्र लेखन जैसे आयोजन होंगे। स्थानीय स्व-सहायता समूहों और उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाएगी।

# गुलशेर अहमद की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय गुलशेर अहमद की जयंती पर विधानसभा के केंद्रीय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय गुलशेर अहमद सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। उनका जीवन सादगी, सरलता और जनसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1972 से 1977 तक मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा संचालित सदन की कार्यवाही आज भी जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

# मराठा कलार समाज के प्रतिनिधि सम्मानित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा का 91वां स्थापना दिवस समारोह एक और दो अगस्त को बनारस स्थित रुद्राक्ष सम्मेलन केंद्र में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देश के 18 राज्यों से महासभा के पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

शुभारंभ भगवान श्री सहस्त्रबाहु के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयनारायण चौकसे ने की। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रविन्द्र जायसवाल रहे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, भोपाल की महापौर मालती राय तथा विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

समारोह में मराठा कलार समाज समिति भोपाल के अध्यक्ष राजन सेवईवार, महासचिव अर्जुनलाल डोहरे, कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी सुधाकर राऊत सहित बालाघाट, अमरावती, अकोला, गोंदिया और भंडारा से आए प्रतिनिधियों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जताया शोक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता पारसचंद्र जैन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि पारसचंद्र जैन का जनसेवा तथा संगठन की विचारधारा के प्रति समर्पण नए कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज और संगठन के प्रति उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन

भोपाल, अगस्त माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर सोमवार को मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल पार्क में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन किया गया। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग और मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने सहभागिता की। पुलिस बैंड ने देशभक्ति से ओतप्रोत मधुर धुनों की प्रस्तुति दी। सामूहिक गायन में अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, संजय कुमार शुक्ला, दीपाली रस्तोगी, शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव राघवेंद्र कुमार सिंह, विवेक कुमार पोरवाल सहित मंत्रालय, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी, कर्मचारी तथा पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।



# छात्राओं की एनीमिया जांच, आयरन और कैल्शियम दवाओं का निःशुल्क वितरण




**नप्र, भोपाल** :सेवा भारती स्वास्थ्य प्रकल्प, भोपाल महानगर और भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में निर्मला सगदेव कन्या छात्रावास में लालिमा अभियान के अंतर्गत एनीमिया जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 52 बालिकाओं की एनीमिया जांच की गई तथा आयरन और कैल्शियम की निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती भोपाल महानगर के अध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बालिकाओं में हीमोग्लोबिन की कमी को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए इसके लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई।

डॉ. राम अवतार यादव ने एनीमिया के कारण, लक्षण और बचाव की जानकारी देते हुए संतुलित आहार तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण का महत्व बताया। कार्यक्रम प्रभारी राजेश रमतानी ने कहा कि लालिमा अभियान के माध्यम से सेवा बस्तियों की अधिक से अधिक बालिकाओं तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी। कार्यक्रम में डॉ. सत्येंद्र बघेल, योगेश तथा छात्रावास अधीक्षिका का सहयोग रहा।

# हिंदी भवन में कैलाशचंद्र पंत को भावभीनी श्रद्धांजलि



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के पूर्व मंत्री-संचालक एवं वरिष्ठ हिंदीसेवी कैलाशचंद्र पंत की स्मृति में सोमवार को हिंदी भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

सभा में साहित्य, समाज और संस्कृति जगत से जुड़े अनेक लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हिंदी भाषा के प्रति उनके आजीवन समर्पण को स्मरण किया। मानस मर्मज्ञ दीदी मंदाकिनी रामकिंकर ने कहा कि कैलाशचंद्र पंत का व्यक्तित्व अत्यंत विराट था और वे सदैव समाज को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के पूर्व निदेशक डॉ. देवेंद्र दीपक ने कहा कि जहां-जहां हिंदी रहेगी, वहां-वहां कैलाशचंद्र पंत का योगदान भी याद किया जाएगा। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री-संचालक डॉ. विकास दवे ने कहा कि पंत ने अपने व्यवहार और कार्यशैली से देशभर में आत्मीय संबंध स्थापित किए। श्रद्धांजलि सभा में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा समिति के पूर्व अध्यक्ष न्यायमूर्ति डी.डी. धर्माधिकारी के संदेश भी पढ़कर सुनाए गए। पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, विधायक भगवानदास सबनानी, वरिष्ठ समाजसेवी बी.के. सांघी सहित अनेक वक्ताओं ने उनके सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन जया केतकी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रीति जोशी ने किया।

## उच्च शिक्षा में बेटियों का नया कीर्तिमान

# प्रत्येक 100 छात्रों पर 171 छात्राओं ने लिया प्रवेश, महिला भागीदारी का ऐतिहासिक रिकॉर्ड

- प्रवेश अनुपात 1.71 पर पहुंचा, मंत्री ने इसे महिला सशक्तिकरण की बड़ी उपलब्धि बताया
- स्नातकोत्तर और शिक्षक शिक्षा में छात्राओं का रहा दबदबा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** प्रदेश में उच्च शिक्षा के ई-प्रवेश सत्र 2026-27 के दौरान छात्राओं ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्नातक, स्नातकोत्तर और शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों में प्रत्येक 100 छात्रों पर 171 छात्राओं ने प्रवेश लेकर प्रवेश आधारित लैंगिक समानता सूचकांक 1.71 दर्ज किया है। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने इसे महिला सशक्तिकरण और समावेशी उच्च शिक्षा की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।

मंत्री ने कहा कि यह सफलता छात्राओं की प्रतिभा, अभिभावकों के विश्वास तथा छात्र-केंद्रित और पारदर्शी प्रवेश व्यवस्था का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों और सरल प्रवेश प्रणाली ने प्रदेश की बेटियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध कराए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार सत्र 2026-27 में अब तक कुल पांच लाख 29 हजार 484 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। इनमें तीन लाख 34 हजार 454 छात्राएं और एक लाख 95 हजार 30 छात्र शामिल हैं। कुल प्रवेशित विद्यार्थियों में छात्राओं की भागीदारी 63.2 प्रतिशत रही।

स्नातक पाठ्यक्रमों में तीन लाख 64 हजार 867 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया, जिनमें दो लाख 21 हजार 529 छात्राएं हैं। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में एक लाख 15 हजार 569 विद्यार्थियों में 80 हजार 175 छात्राएं शामिल हैं। शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों में 49 हजार 48 विद्यार्थियों में 32 हजार 750 छात्राओं ने प्रवेश प्राप्त किया।

विभाग के अनुसार स्नातकोत्तर और शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रमों में छात्राओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है। मंत्री ने इस उपलब्धि के लिए छात्राओं, अभिभावकों तथा उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, प्राचार्यों और प्राध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और महिला केंद्रित उच्च शिक्षा व्यवस्था की सफलता का प्रमाण है।

**कार्यालय फार्च्यून कस्तूरी रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, जाटखेड़ी, जिला-भोपाल**
(पंजी. क्रमांक/डी.आर./बी.पी.एल./101523, दिनांक 27.01.2021
क्रमांक/निर्वा./2026/02
दिनांक 03.08.2026
**निर्वाचन आमसभा की सूचना**
संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मंडल के निर्वाचन बाबत निर्वाचन आमसभा दिनांक17.08.2026, दिन सोमवार को प्रातः11.30 बजे से स्थान फॉर्च्यून कस्तूरी क्लब हाउस, होशंगाबाद रोड, जाटखेड़ी होटल एफोटेल वाली रोड, भोपाल पर आयोजित की गई है। रिटर्निंग अधिकारी 'सुश्री कल्पना सोलंकी' द्वारा दिनांक 10/08/2026 को दोपहर 12 से 02 बजे तक नामांकन पत्र लिये जावेंगे दिनांक 11/08/2026 को दोपहर 12 से नियोजन पत्रों की जांच की जावेगी, दिनांक 12/08/2026 को दोपहर 12 से 02 बजे तक नाम वापस लिये जा सकेंगे। उपरोक्त समस्त कार्यक्रम स्थान कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, डी-ब्लाक, पुराना सचिवालय, जिला-भोपाल पर सम्पन्न होंगे, तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जावेगा। आमसभा की सूचना के साथ निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषित कार्यक्रम की सूचना सदस्यों को पृथक से स्पीड पोस्ट/साधारण डाक द्वारा भेजी गई है।
**कार्यकारी**
**अध्यक्ष फार्च्यून कस्तूरी रहवासी रखरखाव सहकारी संस्था मर्यादित, जाटखेड़ी, जिला-भोपाल**
1170

**जाहिर सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक शाखा प्रबंधक महोदय के दिशानिर्देशानुसार शगुन जनरल स्टोर द्वारा प्रोपराइटर अब्दुल क्वादस आत्मज अब्दुल क्युम खां के स्वत्व स्वामित्व व अधिपत्य का एक किता प्लाट नं. 350 (पुराना न. 34/A) जो कि खसरा क्र.-19, 20, 21/1/1/13, 21/2/A, 170, 168/2 का अंशभाग है; जो कि हनीफ कॉलोनी, वार्ड न. 78, ग्राम-करौंद कलां (सर्वधर्म हनीफ कॉलोनी) सिटी, भोपाल, जिसका कुल एरिया 800 वर्गफिट, अर्थात 74.34 वर्गमीटर है। इस संपत्ति को मेरे पक्षकार द्वारा दिनांक-12/10/2017 को रजि. विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय कि थी जिसका पंजीयन सब.रजि. कार्यालय में ई-पंजीयन क्र. MP059692017A1577 5 पर पंजीबद्ध है। इस संपत्ति पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस द्वारा स्वीकृत लोन हेतु स्वीकृति प्रदान की जा चूंकि है। अतः उक्त संपत्ति बंधक रखी जा रही है, अतः उक्त संपत्ति कहीं पर भी दान, बंधक या गिरवी रखी हो या उक्त संपत्ति का किसी भी व्यक्ति व्यक्तियों, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था या संस्थाओं, कार्यालय या बैंक, वित्तीय संस्थान अन्य किसी भी कार्यालय का या व्यक्ति का किसी भी प्रकार से हित हो तो मेरे कार्यालय या मोबाईल नं. पर सात दिवस के अंदर संपर्क कर मय-दस्तावेज प्रस्तुत करें, उचित समयावधि पश्चात प्रस्तुत आपत्ति अमान्य रहेगी।
**ANAMIKA NATH, ADVOCATE**
**OFFICE cum Resi. H.No.29, Satakshi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal (M.P.)402022 Mob.9039026897**
1169

**न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-1, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल**
प्रकरण कमांक-2476/अ-6/2026-27
मौजा-रोजी वेह
तहसील हुजूर, भोपाल
**उद्घोषणा पत्र**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवदेक सुहैल उस्मानी आत्मज स्व. जहूर अहमद निवासी-मं.नं. 77, राम नगर जिला भोपाल (म.प्र.) म.प्र.भू.राजस्व. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम रोजी वेह प.ह.न. 11 स्थित भूमि खसरा क्रमांक-179 रकबा 0.2200 हे. में से भूमि जो राजस्व अभिलेखों में आवेदक के पति/पिता/माता/ पत्नी स्व. श्री जहूर अहमद पुत्र श्री मंजूद अहमद के नाम पर दर्ज है खातेदार की मृत्यु दिनांक 11.10.2023 को होने के परिणामस्वरूप आवेदक एंव उनके समस्त वैधानिक वारिसो के नाम से फौती नामांतरण स्वीकृत किये जाने का अनुरोध किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। 2-उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 10.7.2026 नियत है। उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 25.06.2026 को जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**
1168

**न्यायालय तहसीलदार नजूल वृत्त एम.पी.नगर भोपाल**
**(7 नंबर बस स्टाप शिवाजी नगर भोपाल)**
प्रकरण क्रमांक 1016//3-6/2026-27
**इश्तहार**
एतद् द्वारा सूर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक श्री लवलीता वर्मा आ. श्री रंजीत सिंह वर्मा निवासी बडखेडा पठानी तहसील हुजूर जिला भोपाल द्वारा ग्राम बड़खेडा पठानी तहसील हुजूर जिला जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 391-392/1391-392/2 49.94 वर्गमीटर रकबा भूमि का नामांतरण किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 7 दिवस के अंदर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात पाचत आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 30/7/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
**तहसीलदार**
**नजूल एम.पी.नगर वृत्त भोपाल**
1167

**जाहिर सूचना**
**'भूखण्ड क्रमांक सी-7 '**
**सौमित्र विहार कॉलोनी, बावडियां कंला,भोपाल '**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा टी.टी. नगर, भोपाल द्वारा प्रदत्त किये जा रहे ऋणपेटे आवेदक श्री डोमे कमर आत्मज श्री कालूराम कमर निवासी ई-1/132 अरेरा कॉलोनी, तहसील हुजूर, भोपाल (म.प्र.) द्वारा प्राप्त किये जा रहे ऋणपेटे बंधक की जा रही सम्पत्ति 'एक किता भूखण्ड क्रमांक सी-1 सौमित्र विहार कॉलोनी, वार्ड नं.53 बावडियां कंला, तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.)' में स्थित है। जिसकी चर्तुसीमायें निम्नानुसार है पूर्व में प्लाट नं. 8, पश्चिम में प्लाट नं. 6, उत्तर में अन्य की भूमि, दक्षिण में-रास्ता, जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्गफिट अर्थात् 55.76 वर्गमीटर है को प्राप्त किये जा रहे ऋणपेटे साम्यिक बंधक किये जाने हेतु मूल विक्रयपत्र अन्य दस्तावेजों के साथ बैंक शाखा में प्रस्तुत किया है। यदि उपरोक्त बंधक की जा रही सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय, अशासकीय वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी एवं अन्य का कोई हित, स्वत्व संबंध या किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन हो, तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में स्पष्ट दस्तावेजी प्रमाण सहित कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, दावा, स्वत्व या अधिकार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को प्रदत्त ऋणपेटे साम्यिक बंधक करने के लिये पूर्णतः स्वतंत्र होगा।
**योगेश पवार,अधिवक्ता**
**245 ओल्ड अशोका गार्डन रायसेन रोड भोपाल**
**सम्पर्क-9893276073, 9425027947**
1166